अमर उजाला 25/10/2024

स्वच्छता प्रकृति का आभूषण है : दत्त

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका आयोजन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में कैप्टन डॉ. एसएस नैन के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स की ओर से किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य कॉलेज को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ कॉलेज विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि स्वच्छता प्रकृति का आभूषण है और आम जन मानस की यह जिम्मेदारी है कि वह इसे संजोए रखें। इस अवसर पर एनसीसी महिला विंग की सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने भी सभी कैडेट्स को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अभियान में 50 एनसीसी कैडेट्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपने समर्पण भाव से कॉलेज को स्वच्छ रूप प्रदान किया। संवाद